## वार्षिक परीक्षा (2023-24)

समय :- 3 घंटे | कक्षा - दसवीं, विषय - हिंदी | पूर्णांक (लिखित) = 80 अंक
आंतरिक मूल्यांकन = 20 अंक

भाग - क

**प्रश्न -1) i) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें :-** **4x1=4**

**1) 'अत्याचार' शब्द का सही संधि-विच्छेद क्या है?**

(क) अती+आचर (ख) अति + चार
(ग) अत्य+आचार (घ) अति + आचार

**2) 'चरण कमल' का समास विग्रह क्या है?**

(क) कमल रूपी चरण (ख) चरण का कमल
(ग) चरण जैसा कमल (घ) कमल है जो चरण

**3) निम्नलिखित विकल्पों में 'धीर' शब्द का सही भाववाचक संज्ञा शब्द चुनें।**

(क) धीरता (ख) धीरव
(ग) धौर्य (घ) धीर

**4) 'दर्पण' शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनें: -**

(क) मुकुर (ख) शीशा
(ग) आइना (घ) उपरोक्त सभी

**ii) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें: -** **4x1=4**

**1) संतों की संगति में रहकर मीरा ने क्या छोड़ दिया?**

(क) घर को (ख) पति को
(ग) लोकलाज तथा कुल की मर्यादा को (घ) पिता को

**2) फूलों ने पत्तियों की चंचलता का आधार क्या बताया?**

(क) तने को (ख) डालियों को
(ग) फलों को (घ) टहनियों को

**3) दिवाकर बस में बैठा क्या देख रहा था?**

(क) खिड़की के बाहर वृक्षों को (ख) दूर तक फैले आसमान को
(ग) साँप को (घ) 'क' और 'ख' दोनों विकल्प सही हैं।

**4) महेश किस सिस्टर से घुल मिल गया था?**

(क) सूसान (ख) मरींडा
(ग) मांजरेकर (घ) सरस्वती

**iii) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: -** **4x1=4**

हम राज्य लिए मरते हैं ।
सच्चा राज्य परन्तु हमारे कर्षक ही करते हैं।
जिनके खेतों में है अन्न,
कौन अधिक उनसे सम्पन्न ?
पत्नी-सहित विचरते हैं वे, भव वैभव भरते हैं,
हम राज्य लिए मरते हैं।

WWW.HINDIPUNJAB.COM

**1) प्रस्तुत पंक्तियाँ कौन-सी कविता में से ली गई हैं?**

(क) हम राज्य लिए मरते हैं (ख) गाता खग

(ग) जड़ की मुस्कान (घ) नीति के दोहे

**2) वास्तविक राज्य कौन करते हैं?**

(क) धनी लोग (ख) गरीब लोग

(ग) किसान (घ) बुरे लोग

**3) पद्यांश में आए 'कर्षक' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) किसान (ख) मूर्ख

(ग) मज़दूर (घ) नेता

**4) उपर्युक्त पद्यांश का केंद्रीय भाव क्या है?**

(क) किसानों के जीवन की प्रशंसा (ख) किसानों की गरीबी का ज़िक्र

(ग) नेता लोगों के जीवन की प्रशंसा (घ) राजाओं के जीवन की प्रशंसा

**iv) निम्नलिखित निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:-** **3x1=3**

**1) 'उड़ती चिड़िया पहचानना' मुहावरे का क्या अर्थ है?**

क) भली-भांति परिचित होना ख) अनुभवी होना

ग) धोखा देना घ) सामने नआाना

**2) 'चैन की बंसी बजाना' मुहावरे का क्या अर्थ है?**

WWW.HINDIPUNJAB.COM

क) हारकर भाग जाना ख) ललचाना

ग) सुखपूर्वक रहना घ) बहुत कम अंतर होना

**v) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: -** **5x1=5**

सच्चरित्र दुनिया की समस्त सम्पत्तियों में श्रेष्ठ सम्पत्ति मानी गयी है। पृथ्वी, आकाश, जल, वायु और अग्नि पंचभूतों से बना मानव-शरीर मौत के बाद समाप्त हो जाता है किन्तु चरित्र का अस्तित्व बना रहता है। बड़े-बड़े चरित्रवान ऋषि-मुनि, विद्वान, महापुरुष आदि इसका प्रमाण हैं। आज भी श्रीराम, महात्मा बुद्ध, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती आदि अनेक विभूतियाँ समाज में पूजनीय हैं। ये अपने सच्चरित्र के द्वारा इतिहास और समाज को नयी दिशा देने में सफल रहे हैं। समाज में विद्या और धन के अर्जन की अति आवश्यकता रहती है किन्तु चरित्र के अर्जन के बिना विद्या और धन भला किस काम का? अतः विद्या और धन के साथ-साथ चरित्र का अर्जन अत्यंत आवश्यक है। यद्यपि लंकापति रावण वेदों और शास्त्रों का महान ज्ञाता और अपार धन का स्वामी था, किन्तु सीता- हरण जैसे कुकृत्य के कारण उसे अपयश का सामना करना पड़ा। आज युगों बीत जाने पर भी उसकी चरित्रहीनता के कारण उसके प्रतिवर्ष पुतले बनाकर जलाए जाते हैं। चरित्रहीनता को कोई भी पसन्द नहीं करता। ऐसा व्यक्ति आत्मशांति, आत्मसम्मान और आत्मसंतोष से सदैव वंचित रहता है। वह कभी भी समाज में पूजनीय स्थान नहीं ग्रहण कर पाता है। जिस तरह पक्की ईंटों से पक्के भवन का निर्माण होता है उसी तरह सच्चरित्र से अच्छे समाज का निर्माण होता है। अतएव सच्चरित्र ही अच्छे समाज की नींव है।

प्रश्न 1. दुनिया की समस्त सम्पत्तियों में किसे श्रेष्ठ माना गया है ?

प्रश्न 2.रावण को क्यों अपयश का सामना करना पड़ा ?

प्रश्न 3. चरित्रहीन व्यक्ति सदैव किससे वंचित रहता है ?

प्रश्न 4. 'श्रेष्ठ' शब्द का अर्थ लिखिए।

प्रश्न 5. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**vi) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें: -** **6x1=6**

1) 'अज्ञान' शब्द का विशेषण शब्द 'अज्ञानी' है। (सही या गलत)

2) 'परिमाण, परिणाम' शब्दों के क्रमानुसार अर्थ माप/नाप, नतीजा हैं। (हाँ अथवा नहीं)

3) 'जिसकी परीक्षा ली जा रही हो' के लिए एक शब्द ........ है। (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

4) 'अंत' शब्द का विलोम शब्द क्या है?

5) 'फल' शब्द का सही अर्थों के साथ मिलान कीजिए: -

क) कुल, बाँस

ख) वायु, साँस

ग) परिणाम, लाभ

6) 'देखो, बाहर दरवाज़े पर क्या आया है?' वाक्य को शुद्ध करके लिखें।

**vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: -** **4x1=4**

क) लेखक के अनुसार हमारे देश को किन दो बातों की आवश्यकता है?

ख) साधु को तावीज़ बनाने के लिए कितनी पेशगी दी गई?

ग) दादा जी पुराने नौकरों के हक में क्यों थे?

घ) जयदेव की पत्नी कौन थी?

## भाग - ख

**प्रश्न - 2) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दें :-** **3x2=6**

i) 'माँ का कमरा' पाठ में बसंती की आँखों में आँसू क्यों आ गए। लघुकथा के आधार पर बताएं।

ii) अरुणा के समाज सेवा के कार्यों के बारे में लिखिए। 'दो कलाकार' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

iii) विश्वासपात्र मित्र को खजाना, औषध और माता जैसा क्यों कहा गया? 'मित्रता' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

iv) राजेंद्र बाबू की पोत्रियों' का छात्रावास में रहन सहन कैसा था? ' राजेंद्र बाबू 'पाठ के आधार पर उत्तर दें।

v) जयदेव ने अपनी छुट्टी कैंसिल क्यों करा दी थी? 'देश के दुश्मन' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

**प्रश्न - 3) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह-सात पंक्तियों में दीजिए :-** **3x4=12**

i) ममता का चरित्र चित्रण कीजिए। 'ममता' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

ii) 'नर्स 'कहानी का उद्देश्य क्या है? 'नर्स 'पाठ के आधार पर उत्तर दें।

iii) गुरु नानक देव जी की वाणी की विशेषताएँ अपने शब्दों में लिखें । 'श्री गुरु नानक देव जी 'पाठ के आधार पर उत्तर दें।

iv) मित्र का चुनाव करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।'मित्रता 'निबंध के आधार पर बताएं।।

v) 'सूखी डाली' एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है? 'सूखी डाली' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

## भाग - ग

**प्रश्न - 4) निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें :-** **4**

ਭਾਰਤ ਦੇ ਉੱਤਰ ਪ੍ਰਦੇਸ਼ ਦੇ ਆਗਰਾ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿੱਚ ਸਥਿਤ ਤਾਜਮਹੱਲ ਇੱਕ ਖ਼ੂਬਸੂਰਤ ਮਕਬਰਾ ਹੈ। ਇਸਦਾ ਨਿਰਮਾਣ ਮੁਗਲ ਸਮਰਾਟ ਸ਼ਾਹਜਹਾਨ ਨੇ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਮੁਮਤਾਜ ਮਹੱਲ ਦੀ ਯਾਦ ਵਿੱਚ ਕਰਵਾਇਆ ਸੀ। ਇਹ ਆਪਣੀ ਸੁੰਦਰਤਾ ਅਤੇ ਉੱਤਮ ਵਾਸਤੂਕਲਾ ਕਰਕੇ ਦੁਨੀਆ ਭਰ ਵਿੱਚ ਪ੍ਰਸਿੱਧ ਹੈ। ਇਹ ਵਿਲੱਖਣ ਮਕਬਰਾ ਸਵੇਰ ਨੂੰ ਲਾਲ-ਗੁਲਾਬੀ, ਸ਼ਾਮ ਨੂੰ ਦੂਧੀਆ ਅਤੇ ਰਾਤ ਨੂੰ ਸੁਨਹਿਰੀ ਝਲਕ ਦਿੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਨੂੰ ਵੇਖੇ ਬਿਨਾ ਭਾਰਤ ਦਾ ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ ਅਧੂਰਾ ਮੰਨਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

**प्रश्न -5) आपका नाम मंगल राय है। आपकी मेन बाजार, अम्बाला में कपड़े की दुकान है । आपका फोन नम्बर 1464566234 है। वर्गीकृत विज्ञापन 'सेल्समैन की आवश्यकता' विषय पर अपनी दुकान की ओर से एक विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखिए।** **4**

अथवा

**आपका नाम राजीव कुमार है। आप सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पटियाला में हिंदी अध्यापक हैं।आप हिंदी साहित्य समिति के सचिव भी हैं ।आपके स्कूल में दिनांक 14 सितम्बर, 2024 को हिंदी दिवस मनाया जाना है। 'हिंदी दिवस प्रतियोगिता ' के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता ,कविता उच्चारण प्रतियोगिता**

**का आयोजन किया जा रहा है।अपनी ओर से एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए कहा गया हो।**

## भाग - ङ

**प्रश्न - 6) 'बाल श्रम एक अपराध' विषय पर समाचार पत्र के मुख्य सम्पादक के नाम एक पत्र लिखिए। 7**

**अथवा**

**कक्षा की समस्याओं को हल करवाने के संबंध में अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।**

**प्रश्न -7) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :- 7**

क) मेरे जीवन का लक्ष्य, ख) विद्यार्थी और अनुशासन, ग) गाँव का खेल मेला

## भाग - च

**प्रश्न -8) मान लीजिए आपका नाम गुरप्रीत सिंह है। आपका पता है - मकान नम्बर - 245, सेक्टर - 34 मुम्बई। आपको 2345 राजधानी एक्सप्रेस से दिनांक 15.09.2023 को मुम्बई से चंडीगढ़ जाना है। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें।** 5

**गाड़ी सं: और नाम :** 2345 **राजधानी एक्सप्रेस**

**यात्रा की तारीख :** ..................................

**यात्रा आरंभ करने का स्टेशन :** ........................................... से ......................................... ..... **स्टेशन तक आरक्षण**

**नाम व पता :**..................................................................................................................................

**आवेदक के हस्ताक्षर:** ..............................................

**मान लीजिए आपका नाम राज कुमार है। आपका हिंदोस्तान बैंक, शाखा-मुम्बई में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 7338380103 है। आपको अपने इस खाते में से 7500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें।**

**हिंदोस्तान बैंक, शाखा – मुम्बई**
**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

बचत खाताधारक का नाम: ..........................................................................

खाता नम्बर : .................................................कृपया मुझे .............................................................

(अंकों में) ........................... (शब्दों में)................................................................................. अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर : ........................

**प्रश्न -9) सुंदर लिखाई** **5**

**तैयार कर्ता:- रजनी बजाज, हिंदी अध्यापिका ससस्स बहिमान दीवाना, ज़िला बठिंडा**